

07 सभी पेट्रोल पंपों पर 31 तक पीयूसी चेकिंग...



### जिले में विगत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि हुई है

# सड़क दुर्घटनाओं के घटना स्थलों के समीक्षा और सुधार हेतु पुलिस अधीक्षक की पहल

बढ़ती सड़क दुर्घटनों को रोकने एसपी ने बुधवार को स्पॉट निरीक्षण कर आवयश्यक निर्देश दिए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम

पुलिस अधीक्षक सांई कृष्णा थोटा द्वारा घटनाओं की समीक्षा करने पर पाया गया कि अधिकतर सड़क दुर्घटनाएं मुख्यतः सिवनीमालवा से पिपरिया, सांडिया से मटकुली और पुराना एनएच 69 मीनाक्षी चौक से इटारसी के मध्य घटित हो रही है और इन मार्गों पर ही दुर्घटनाओं में मुख्यतः वृद्धि हुई है।

बुधवार को पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण थोटा ने माखन नगर और सोहागपुर थाना क्षेत्र के चिह्नित दुर्घटना स्थल का अवलोकन किया एवं घटना के तथ्यों, परिस्थितियों और सड़क की स्थिति की समीक्षा की। वहीं भ्रमण के दौरान उप पुलिस अधीक्षक यातायात संतोष मिश्रा, निरीक्षक अनूप उईके, निरीक्षक ऊषा मरावी और घटना के विवेचक गण घटना स्थल पर उपस्थित रहे।



**यह रहे मौजूद**

भ्रमण के दौरान उप पुलिस अधीक्षक यातायात संतोष मिश्रा, निरीक्षक अनूप उईके, निरीक्षक ऊषा मरावी और घटना के विवेचक गण घटना स्थल पर उपस्थित रहे।

### सड़क हादसों में घायलों की मदद करने वाले कहलाएंगे राजवीर

मध्य प्रदेश शासन द्वारा मोटर वाहन से जुड़ी गंभीर दुर्घटना के पीड़ित को तत्काल सहायता प्रदान करके और दुर्घटना के बाद महत्वपूर्ण गोल्डन आवर के भीतर चिकित्सा उपचार प्रदान करने के लिए अस्पताल या ट्रॉमा सेंटर पहुंचाकर पीड़ित की जान बचाने वाले को रहवीर योजना के तहत पुरस्कार राशि प्रदान की जाती है। उक्त योजना अंतर्गत पीड़ित की जान बचाने वाले व्यक्ति को राहवीर कहा गया है इसीलिए योजना का नाम राहवीर योजना रखा गया है। प्रत्येक राह-वीर (गुड समेरिटन) के लिए पुरस्कार राशि प्रति घटना 25,000/- रुपये होगी, जो निम्नलिखित प्रावधानों के अधीन होगी। यदि एक राह-वीर मोटर वाहन से जुड़ी एक गंभीर दुर्घटना में एक या अधिक पीड़ितों की जान बचाता है, तो पुरस्कार राशि 25,000/- रुपये मात्र होगी। यदि एक से अधिक राह-वीर (गुड समेरिटन) मोटर वाहन से जुड़ी किसी गंभीर दुर्घटना में एक पीड़ित की जान बचाते हैं, तो पुरस्कार राशि अथति 25,000/-रुपये उनके बीच बराबर-बराबर बाँटी जाएगी।

### जिले में पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि हुई है

पुलिस अधीक्षक श्री सांई कृष्णा थोटा द्वारा घटनाओं की समीक्षा करने पर पाया गया कि अधिकतर सड़क दुर्घटनाएं मुख्यतः सिवनीमालवा से पिपरिया, सांडिया से मटकुली और पुराना एनएच 69 मीनाक्षी चौक से इटारसी के मध्य घटित हो रही है और इन मार्गों पर ही दुर्घटनाओं में मुख्यतः वृद्धि हुई है। बुधवार को पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण थोटा ने माखन नगर और सोहागपुर थाना क्षेत्र के चिह्नित दुर्घटना स्थल का अवलोकन किया एवं घटना के तथ्यों, परिस्थितियों और सड़क की स्थिति की समीक्षा की।

### सड़क इंजीनियरिंग से संबंधित बिंदुओं को चिन्हित कर दिए निर्देश

घटना स्थल की स्थितियों को देखते हुए घटनाओं की रोकथाम के दीर्घकालिक उपाय पर चर्चा की गई और सड़क इंजीनियरिंग से संबंधित बिंदुओं को चिन्हित किया जा कर सुधार, सड़क पर गड्ढों, रेडियम पेंट, शोल्डर भरवाने, साइनेज लगाने, रोड लाइनिंग और ब्लाइंड स्पॉट के परिशोधन हेतु संबंधित सड़क निर्माण एजेंसी से पत्र व्यवहार करने के निर्देश डीएसपी यातायात संतोष मिश्रा को दिए गए। इस दौरान एसपी ने जागरूकता लाने के लिए प्रयास भी करने के निर्देश दिये।

### यातायात पुलिस चलाए सघन चैकिंग अभियान, करें चालानी कार्रवाई भी

पुलिस अधीक्षक द्वारा बुधवार को माखन नगर और सोहागपुर की सीमा में सड़क दुर्घटना बहुल क्षेत्रों एवं कुछ गंभीर घटना के स्थलों का अवलोकन किया गया है, सड़क सुरक्षा की दृष्टि से सड़क निर्माण एजेंसी मप्र सड़क विकास निगम को आवश्यक सुधार हेतु आदेशानुसार पत्र लिखा जाएगा। सड़क दुर्घटनाओं में रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान, चालानी कार्यवाही के साथ सड़क सुधार हेतु पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में लगातार प्रयास जारी हैं।

## सोहागपुर शहरी क्षेत्र में जारी है बसों के मनमाने बस स्टॉपेज

### बाधित यातायात में फंसा शासकीय वाहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोहागपुर

एसडीएम प्रियंका भल्लावी ने कुछ सप्ताह पूर्व एक नियम तय किया था कि शहर में नवीन बस स्टैंड व लोनिवि रेस्ट हाउस के समीप बसों का स्टापेज होगा। लेकिन अभी भी पुराने ढर्रे पर बस स्टॉपेज जगह-जगह किया जा रहा है। निजी बसों के चालक शहर में जगह-जगह बीच हाईवे पर बसें खड़ी कर रहे हैं।

बसों के मनमाने स्टापेज के कारण नियमित यातायात बाधित होता है। स्पष्ट है कि एसडीएम द्वारा तय नियम का पालन राजनीतिक पकड़ वाले बस ऑपरेटर्स के चालक नहीं कर रहे हैं, जिससे नागरिकों में नाराजगी है। बुधवार सुबह सिविल कोर्ट चौराहे पर आमने-सामने दो बसें काफी देर तक यह सवारी बिठाने के लिए रोकी गई। इस दौरान सोहागपुर में पदस्थ एक सरकारी अधिकारी का वाहन चौराहे पहुंचा। लेकिन बसों के कारण बाधित यातायात में वाहन फंस गया। सरकारी वाहन के चालक ने हूटर बजाया तो हड़बड़ाते हुए दोनों बस चालकों ने अपने-अपने वाहन आगे बढ़ाए। तब जाकर यातायात की बाधा दूर हुई। नागरिकों ने कहा कि अधिकारी अपने वाहन में बैठे-बैठे मोबाइल पर कुछ देख रहे थे, अतः बाधित यातायात पर उनका ध्यान नहीं गया। और इससे तय हो गया है की मनमाने बस स्टॉपेज आगे भी जारी रहेंगे तथा यातायात की बाधा भी उत्पन्न होती ही रहेगी।

## कलेक्टर के मार्गदर्शन में हुआ जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम

प्रत्येक मतदान केंद्र पर बूथ लेवल मीटिंग के माध्यम से बीएलओ द्वारा नामों का मिलान, सत्यापन और विलोपन की प्रकिया की जा रही है। इस बारे मे जानकारी देते हुये भारत निर्वाचन आयोग की स्वीप आईकॉन सारिका घारू ने बताया कि 6 से 10 दिसम्बर तक सभी मतदान केंद्रों पर विशेष बैठक के आयोजन के दौरान ऐसे मतदाताओं के नाम का वाचन एवं प्रदर्शन किया गया है जो अनुपस्थित, स्थानांतरित, दोहरी प्रविष्टि वाले या मृत श्रेणी मे हैं और जिनके फार्म अब तक प्राप्त नही हुये हैं। इस श्रेणी को अबसेंट, शिफ्टेड, डेथ और रिपीटेड या एएसडीआर श्रेणी कहा जाता है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा एवं कलेक्टर सुसोनिया मीना के मार्गदर्शन में एसआईआर जागरूकता कार्यक्रम किया जा रहा है। अगर आपको लगता है कि इस सूची में कोई त्रुटि है तो इसे गुरूवार 11 दिसम्बर तक अपने बीएलओ के माध्यम से अपडेट कराया जा सकता है। इसके बाद प्रारूप मतदाता सूची 16 दिसम्बर को प्रकाशित होगी।

## पिपरिया के शहीद भगत सिंह कॉलेज में हुआ कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिपरिया

शहीद भगत सिंह महाविद्यालय में रोजगार हेतु करियर काउंसलिंग जॉब ट्रेनिंग कार्यशाला स्वरोजगार हेतु उद्यमिता शिविर का भव्य आयोजन किया गया विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत आयोजनकिया गया। लगभग 100 विद्यार्थियों ने 30 स्टॉल लगाए कार्यक्रम का शुभांरभ सरस्वती पूजनकिया गया।

प्रशासनिक अधिकारी डॉ एस के महारा ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया इस अवसर पर मुख्यअतिथि नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीतनागपाल महिलामोर्चा जिला महामंत्री ममता नागवंशी प्राचार्य डॉक्टरराजीव माहेश्वरी ने प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने खाद्यपदारथ हस्त शिल्प सहित पानीके स्टॉल लगाए लगभग 500 लोगों ने शिविर का भ्रमण किया तथाजाब कार्यशाला का आयोजन किया गया।



## चित्तौड़ पट्टन शासकीय प्राथमिक शाला में बच्चों को वितरित किए गर्म वस्त्र व स्टेशनरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोहागपुर

सोहागपुर ब्लॉक के चित्तौड़ पट्टन शासकीय प्राथमिक विद्यालय में गत दिवस अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में विद्यार्थियों को गर्म वस्त्र व पाठ्य सामग्री वितरित की गई है।

उक्त स्कूल के प्रधान पाठक भूरेलाल कहार ने बताया कि एसडीएम प्रियंका भल्लावी, सोहागपुर नप उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, सोहागपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज, बीईओ आरके उईके व बीआरसी राकेश रघुवंशी सहित अन्य अधिकारियों तथा कर्मचारियों की उपस्थिति में बच्चों को ऊनी वस्त्र गणवेश के रूप में वितरित किए गए हैं। वहीं बच्चों को पाठ्य पुस्तक सामग्री भी प्रदान की गई है। प्रधान पाठक भूरेलाल कहार ने बताया कि प्रतिवर्ष विद्यार्थियों के लिए गणवेश सहित जूते, चप्पल तथा पाठ्य सामग्री वितरित की जाती है। एसडीएम प्रियंका भल्लावी सहित अन्य अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों ने स्कूल प्रबंधन के इस प्रयास की सराहना की है। इस दौरान समाजसेवी प्रशांत बसेड़िया तथा नायब तहसीलदार आरके झरबड़े भी उपस्थित थे।



## भाकिसं की मासिक बैठक सम्पन्न, 31 गांवों में गौ माता पूजन कार्यक्रम हुआ सफल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिवनी मालवा

भारतीय किसान संघ तहसील सिवनी मालवा की मासिक बैठक कृषि उपज मंडी बानापुरा के विश्रामगृह में प्रांतीय संगठन मंत्री भरत सिंह पटेल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई, साथ ही गौ माता पूजन कार्यक्रम की प्रगति रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गई। बैठक में बताया गया कि अब तक तहसील के 31 गांवों में 607 घरों में गौ माता पूजन सफलतापूर्वक संपन्न कराया जा चुका है। संगठन द्वारा इसे सामाजिक व सांस्कृतिक जागरूकता का महत्वपूर्ण अभियान बताया गया।



बैठक में प्रांतीय संगठन मंत्री भरत पटेल, अखिल भारतीय उपाध्यक्ष रामभरोस बसोतिया, प्रांतीय सदस्य जगदीश पाटिल, संभागीय सदस्य गुलाब सिंह लोवंशी, जिला मंत्री शंकर सिंह पटेल, तहसील अध्यक्ष रामेश्वर जाट, मंत्री सोनू राजपूत सहित संतोष लोवंशी, अशोक रघुवंशी, रामनारायण शर्मा, अभय गौर, राकेश राठौर, सत्यनारायण साध, राजेश वर्मा, रतिराम, रामविलास रघुवंशी, दिनेश कुमार, रामकिशोर पटेल, सुनील लोवंशी एवं नंदराम पाल उपस्थित रहे।

## सहकारी निरीक्षक, कंचन सोनी हुईं परिसमापक नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम

उप पंजीयक सहकारी संस्थाएँ, नर्मदापुरम के कार्यालय ने मध्यप्रदेश सहकारी अधिनियम1960 की धारा69(1) के तहत 10 सहकारी समितियों को परिसमापन में लाने का आदेश 05 दिसम्बर 2025 को जारी किया है। धारा70(1) के अनुसार, सहकारी निरीक्षक कंचन सोनी को इन संस्थाओं का परिसमापक नियुक्त किया गया है।

परिसमापन में लाई गई समितियों में पंडित दीनदयाल परिवहन सहकारी संस्था होशंगाबाद, शुभम साख सहकारी संस्था रोहना, हरि प्रेम बीज एवं कृषि आदान सहकारी संस्था कलकुही, जागृति जैविक खाद उत्पादक एवं कय विक्रय सहकारी समिति रजौन, जयभोले मत्स्याद्योग सहकारी समिति सकपुरगोदा, माँ रेवा उन्नत बीज एवं कृषि आदान सहकारी संस्था सांगाखेडाकला, तिलहन उत्पादक सहकारी समिति बुधवाडा, माँ नर्मदा प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार बाबई, तिलहन उत्पादक सहकारी संस्था ठैनी एवं माँ नर्मदा महिला बहुउद्देशीय सहकारी समिति चौराहट शामिल है। परिसमापक कार्यालय ने सभी दावेदारों को सूचित किया है कि वे अपने दावों को इस सूचना के प्रकाशन से दो माह के भितर प्रमाण सहित लिखित रूप में परिसमापक को प्रस्तुत करें।

## जिला चिकित्सालय में आधुनिक सर्जिकल प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम

जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम में जॉनसन एंड जॉनसन संस्थान ऑन व्हील स्किल लैब द्वारा सूचर सिम्युलेटर एवं मॉडल्स के माध्यम से प्रायोगिक प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जिला चिकित्सालय सहित जिले की विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं के चिकित्सकों, सर्जनों, नर्सिंग अधिकारियों, ओटी टेक्नीशियनों और ड्रेसरों को आधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक अभ्यास कराया गया।

कार्यक्रम के दौरान प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सृजन सेंगर, प्रभारी सिविल सर्जन डॉ. भास्कर गुप्ता, आरएमओ डॉ. गजेंद्र यादव, डॉ. सौम्या रघुवंशी, डॉ मिलन सोनी एवं जिला मीडिया प्रभारी सुनील साहू की उपस्थिति में प्रतिभागियों को सर्जिकल प्रक्रियाओं में दक्षता बढ़ाने संबंधी विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य स्वास्थ्य कर्मियों को नवीनतम तकनीकी पद्धतियों से अवगत कराते हुए उनकी कार्यकुशलता को और अधिक सुदृढ़ बनाना रहा।



## डबल लॉक प्रभारी निमोदा हुए निलंबित, भोपाल हुए अटैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिपरिया

डबल लाक प्रभारी भारत सिंह निमोदा प्रबंधन के द्वारा लगातार पद स्थापना दिनांक से वर्तमान तक लगभग 48 लाख रुपए की गड़बड़ी पाई गई है। जिसकी शिकायत विभाग में कर्मचारी के द्वारा की गई है। शिकायत करने पर भारत सिंह निमोदा को निलंबित कर दिया गया है। तथा संचालनालय मध्यप्रदेश सरकार भोपाल में अटैचमेंट किया गया है। एक जांच वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी निराली आर्य के द्वारा पूर्ण कर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आकिप खान को सौंप दी है। उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया था।उसी आधार पर निलंबित किया गया है।आगे विभागीय अधिकारियों के द्वारा लगातार जांच-पड़ताल शुरू कर दी गई है तथा पुलिस अधीक्षक सांई कृष्ण थोटा ने बताया कि प्रेम कहार ने पुलिस को शिकायत पत्र दिया है। पुलिस अधिकारी भी जांच कर रहे हैं। जांच के उपरांत एफआईआर भी दर्ज कराई जा सकती हैं। वहीं इस संबंध में प्रेम कहार ने कहा है कि डबल लॉक प्रभारी निमोदा ही किसानों को टोकन लिखवाते थे। इसके एवज में वे 500 से लेकर 1000 तक में और टोकन की राशि लेते थे।

दूसरी ओर बुधवार को किसानों ने यूरिया डीएपी खाद वितरणके लिए फिर चक्का जाम कर दिया गया। मौके पर पुलिस प्रशासन जिम्मेदार अधिकारी नायब तहसीलदार नीरज बैस ने मोटे पर बताया कि डबल लाक प्रभारी भारत सिंह निमोदा हटने के बाद किसी भी सरकारी अधिकारी ने प्रभार नहीं लिया गया है। इसलिए खाद वितरणके लिए परेशान हो रहे हैं।

### विद्यार्थियों को दी गई अहम जानकारी

## कॉलेज में लगाया विधिक साक्षरता शिविर, मनाया गया मानवाधिकार दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोहागपुर

नगर के पं. जवाहर लाल नेहरू कॉलेज में बुधवार को विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश नर्मदापुरम के आदेश अनुसार मानव अधिकार दिवस पर यह आयोजन किया गया। जिसमें संगीता डाबर मौर्य जेएमएफसी प्रभारी अधिकारी सोहागपुर के निर्देशानुसार किये गए शिविर में तेजदीप सिंह शासन जेएमएफसी सोहागपुर भी उपस्थित थे। शिविर में कॉलेज स्टाफ व विद्यार्थियों को कानूनी तथा मानवाधिकार के नियमों की जानकारी दी गई।



इस दौरान कॉलेज प्राचार्य डॉ. एनके नीखरा, अधिवक्तागण अभिलाष सिंह चंदेल, महेश पचौरी, संजय तिवारी, जय चंदेल ने भी कार्यक्रम में विषयानुसार अपने विचार व्यक्त किये। शिविर में स्थानीय राजस्व व पुलिस अधिकारियों छात्रगण उपस्थित रहे। वहीं शिविर में विद्यार्थीयों ने अहम जानकारी ग्रहण की।

### त्रुटि से जमा हुई धान की राशि युवक ने लौटाई

**सिवनी मालवा।** आरहाम मिल इटारसी में धान खरीदी भुगतान प्रक्रिया के दौरान हुई तकनीकी त्रुटि के कारण बी जमानी निवासी तरुण रघुवंशी के खाते में 1,07,000 रुपये की राशि दो बार जमा हो गई। तरुण रघुवंशी, जनपद उपाध्यक्ष (सिवनी मालवा) राम रघुवंशी के भतीजे हैं। अतिरिक्त राशि जमा होने की जानकारी सामने आते ही परिवार की ओर से मामले की पुष्टि की गई और मिल प्रबंधन को सूचित किया गया। राशि की वास्तविक स्थिति स्पष्ट होने के बाद तरुण रघुवंशी ने पूरी पारदर्शिता और ईमानदारी का परिचय देते हुए 1,07,000 रुपये की अतिरिक्त रकम तुरंत वापस करने का निर्णय लिया। यह राशि आरहाम मिल से जुड़े रिश्तेदार अकबर जी को सिवनी मालवा में नियमानुसार लौटा दी गई। इस पूरे प्रकरण ने तरुण रघुवंशी के जिम्मेदार व्यवहार ने समाज में सकारात्मक संदेश दिया है।

### पशु विभाग द्वारा जागरूकता शिविर आयोजित

**सिवनी मालवा।** पशु विभाग सिवनी मालवा द्वारा निःशुल्क एंटी रेबीज टीकाकरण एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिकों ने अपने पालतू पशुओं का टीकाकरण कराया। शिविर में रेबीज से बचाव के उपाय, लक्षणों की पहचान तथा इसके उपचार की अनिवार्यता पर विस्तृत जानकारी दी गई। शिविर में पशु चिकित्सक डॉ. उत्कर्ष भारद्वाज ने रेबीज के कारण, रोकथाम और समय पर टीकाकरण के महत्व को समझाया। उन्होंने बताया कि रेबीज एक घातक रोग है, परंतु जागरूकता और नियमित टीकाकरण से इससे बचाव पूरी तरह संभव है।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

खबर संक्षेप

### 13 दिसंबर को लगेगा रक्तदान व स्वास्थ्य शिविर

**बैतूल।** नगर के विवेकानंद वार्ड में हिंदू सम्मेलन के अंतर्गत 13 दिसंबर को रक्तदान शिविर एवं निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह सेवा कार्यक्रम सुबह 10 बजे से ग्रीन सिटी विवेकानंद वार्ड में शुरू होगा। शिविर में प्रमुख रूप से सिटी हॉस्पिटल लिंक रोड बैतूल के चिकित्सक डॉ. अरुण जयसिंगपुरे, चौहान मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल गंज बैतूल से डॉ. महेन्द्र चौहान एमडी और डॉ. श्रीमती अरुणा चौहान एमडी अपनी सेवाएं देंगी। शिविर प्रभारी दशरथ सिंह ठाकुर, कांतु प्रजापति और कुलदीप माहोरे ने बताया कि मानव कल्याण से बड़ा कोई धर्म नहीं होता, इसलिए अधिक से अधिक संख्या में लोग पहुंचकर रक्तदान कर समाज सेवा में यथासंभव योगदान दें। उन्होंने कहा कि रक्त एक ऐसा अमूल्य दान है जो किसी जरूरतमंद की जान बचा सकता है। जगदीश साहू और विजय धोटे ने बताया कि निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में बी.पी., शुगर सहित विभिन्न रोगों का परीक्षण किया जाएगा तथा गंभीर बीमारियों के बारे में सलाह और उचित उपचार संबंधी मार्गदर्शन भी दिया जाएगा। शिविर हेतु आनंद प्रजापति, कांतु प्रजापति, विजय घोटे, दशरथ सिंह ठाकुर, कुलदीप माहोरे और जगदीश साहू सहित अन्य कार्यकर्ता संपर्क में रहेंगे और पूरे आयोजन को सफल बनाने में सहयोग करेंगे।

### हमारा शिक्षक ऐप पर 84 प्रतिशत ई-अटेंडेंस दर्ज

**बैतूल।** जिले में हमारा शिक्षक ऐप पर सभी शासकीय स्कूलों के नियमित एवं अतिथि शिक्षकों द्वारा सतत रूप से ई-अटेंडेंस दर्ज की जा रही है, जिसकी कुल उपलब्धि 84 प्रतिशत है। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने नियमित समय पर ऐप पर उपस्थिति लगाने वाले सभी शिक्षकों की सराहना की है। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले के सभी शासकीय स्कूलों के नियमित एवं अतिथि शिक्षक शत-प्रतिशत हमारा शिक्षक ऐप पर उपस्थिति दर्ज करें। जो शिक्षक उपस्थिति दर्ज नहीं करेंगे, उन्हें नोटिस जारी किया जाए तथा ऐप में प्रदर्शित अनुपस्थिति के आधार पर उतने दिन का वेतन काटा जाए।

### दुग्ध समृद्ध संपर्क अभियान का द्वितीय चरण 17 दिसंबर से

**बैतूल।** जिले के किसानों और पशुपालकों की आय के साथ-साथ दुग्ध उत्पादन को दोगुना करने के लिए पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान का दूसरा चरण 17 दिसंबर से प्रारंभ होगा। अभियान के तहत पशुपालन विभाग के कर्मचारी 5 से 9 गोवंशीय एवं भैंस वंशीय पशु रखने वाले पशुपालकों से डोर-टू-डोर जाकर नस्ल सुधार, पशु पोषण एवं पशु स्वास्थ्य पर व्यापक जागरूक करेंगे। उल्लेखनीय है कि पशु पालकों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान, तकनीकी जागरूकता तथा उनकी आय दोगुनी करने के उद्देश्य से सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में विभाग द्वारा सतत नवाचार किये जा रहे हैं। नवाचार की इसी श्रृंखला में विभाग द्वारा सम्पूर्ण प्रदेश में दुग्ध समृध्दि सम्पर्क अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य दुग्ध उत्पादन में गुणात्मक सुधार लाने के लिए पशुपालकों से गृह भेंट कर उनकों तीन मुख्य स्तंभों नस्ल सुधार, पशु पोषण एवं पशु स्वास्थ्य पर व्यापक रूप से जागरूक करना है। यह सम्पूर्ण अभियान तीन चरणों में संचालित किया जा रहा है।

## 21 किमी में बरेठा घाट से तवा परियोजना के गेट तक बनेंगे पांच एनीमल अंडरपास

# एनएचएआई ने 500 करोड़ रुपए का एस्टीमेट बनाकर भेजा स्टेट ऑफिस

हरिभूमि न्यूज ⏩ बैतूल



बैतूल-इटारसी फोरलेन के बरेठा घाट सेक्शन में सडक़ निर्माण को लेकर अब राह खुलते नजर आ रही है। दरअसल 21 किलोमीटर के इस हिस्से में वन्य प्राणियों का आवागमन प्रभावित नहीं हो, इसको लेकर हाईकोर्ट में मामला लंबित है। जिसके कारण निर्माण रुका हुआ है। लेकिन नेशनल वन्य प्राणी बोर्ड की रिपोर्ट के बाद सतपुड़ा टाइगर रिजर्व और वन विभाग ने यहां पर 5 एनीमल अंडरपास बनाने के संशोधन करते हुए रिपोर्ट दी है। जिसके बाद एनएचएआई ने पांच जगहों पर एनीमल अंडरपास के साथ 21 किलोमीटर सडक़ बनाने का एस्टीमेट मंजूरी के लिए भोपाल में नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के मुख्यालय भेजा है। बताया जा रहा है कि फिलहाल काम शुरू नहीं किया जाएगा। काम शुरू तभी किया जाएगा जब हाईकोर्ट से आदेश हो जाएंगे। बता दे कि नागपुर-भोपाल जैसे दो बड़े शहरों को जोडऩे वाले नेशनल हाइवे पर अब तक अवरोध बैतूल जिले में स्थित बरेठा घाट बचा है। भोपाल और नागपुर के बीच आवागमन को सुगम और तेज करने के लिए वैसे तो कई साल पहले बैतूल से नागपुर और बैतूल से भोपाल के लिए फोरलेन नेशनल हाईवे को एक साथ मंजूरी मिली थी। इसमें से बैतूल से नागपुर तक 173.3 किलोमीटर लंबे नेशनल हाईवे (एनएच-47) बहुत पहले बन कर तैयार हो चुका। वहीं बैतूल से भोपाल तक 178.6 किलोमीटर लंबा नेशनल हाईवे (एनएच-46) में बरेठा घाट सेक्शन का काम अभी भी शुरू नहीं हो पाया है। जिसके कारण वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### हाईकोर्ट में दायर पीआईएल के बाद से रूका है काम

बताया जा रहा है कि बैतूल से इटारसी के बीच 650 करोड़ से 72 किलोमीटर फोरलेन बनाया जा रहा है। इसके लिए 2011 में स्वीकृति हुई थी, 2015 में ट्रांसटाय कंपनी ने काम शुरू किया, लेकिन ब्लैक लिस्टेड होने के बाद 2017 में लांग जियांग जितेंद्र सिंह एंड कंपनी ने काम शुरू किया था। इसके बाद जबलपुर हाईकोर्ट में दायर एक पीआईएल के बाद यहां वन्य जीवों की आवाजाही प्रभावित होने के ऑब्जेक्शन के बाद से 2021 से काम रुका है। बताया जा रहा है कि घाट सेक्शन के हिस्से से आवाजाही में खासी परेशानी होती है। आए दिन यहां हादसे होते रहते हैं वहीं ट्रकों के पलटने से घंटों तक जाम लगना भी आम बात है। यही कारण है कि बरेठा घाट अभी तक वाहन चालकों के लिए दुखदायी बना हुआ है। लेकिन हाईकोर्ट में मामला लंबित होने से बरेठा घाट की सडक़ का काम शुरू नहीं हो पा रहा है।

### वन जीव बोर्ड कमेटी ने किया संशोधन

वन्य जीव बोर्ड ने इस ऑब्जेक्शन के बाद तीन सदस्यीय कमेटी बनाई थी। आखिरकार इस कमेटी ने हाल ही में फोरलेन भी बन जाए और वन्य प्राणियों खासकर बाघों का आवागमन प्रभावित नहीं हो, इस संबंध में दो जगहों पर लंबे एनीमल अंडरपास सडक़ के नीचे बनाने संबंधी संशोधन फोरलेन के ड्राइंग डिजाइन में करने की रिपोर्ट सौंपी। इसके बाद एनएचएआई की ओर से सतपुड़ा टाइगर रिजर्व और स्थानीय वन अमले ने भी यहां पर एनओसी के लिए आवेदन दिया। एनएचएआई ने पांच जगहों पर एनीमल अंडरपास का संशोधन करते हुए इसका एस्टीमेट और ड्राइंग डिजाइन भोपाल में नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के मुख्यालय भेज दी है।

### दो की जगह पांच जगहों पर बनेगे एनीमल अंडरपास

अब 2 की जगह 5 जगहों पर अंडरपास बनाने की बात सतपुड़ा टाइगर रिजर्व और वन अमले की ओर से कही गई है। बताया जा रहा है कि यह एनीमल अंडरपास बरेठा घाट से लेकर तवा परियोजना के गेट तक बनाए जायेगे। तीन जगहों को इसमें वन विभाग और सतपुड़ा टाइगर के सुझाव पर बढ़ाया है। जिससे कि वन प्राणियों को परेशानियां नहीं हो और वे सुरक्षित रह सके। एनएचएआई के इंजीनियर प्रकाश भारद्वाज ने बताया कि सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की ओर से पांच जगहों पर एनीमल अंडरपास बनाने के इस प्रस्ताव और आवेदन को एनओसी दे दी है। हमने 500 करोड़ का एस्टीमेट मंजूरी के लिए भेजकर टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। फिलहाल काम शुरू नहीं होगा, हाईकोर्ट से अंतिम निर्णय आने पर ही काम शुरू किया जाएगा।

### टोल भी चुका रहे, सुविधा भी नहीं

21 किमी का मार्ग नहीं बनने से वाहन चालक परेशान है। वाहन चालकों का कहना है कि कुंडी टोल नाके पर वाहनों से शुल्क लिया जा है, जबकि 21 किलोमीटर सडक़ बनी नहीं है। यहां से रोजाना 4 हजार वाहन गुजर रहे हैं। जिनसे शुल्क लिया जा रहा है। इसके बावजूद बरेठा घाट की सडक़ उखड़ी हुई है। सबसे ज्यादा परेशानी बरेठा घाट में होती है। यहां आए दिन हादसे होते रहते हैं, वहीं ट्रकों के पलटने से घंटों तक जाम लगना भी आम बात हो गई है। जिसके कारण वाहनों के आवागमन के दौरान दिक्कते होती है। सबसे ज्यादा परेशानी तब उठानी पड़ती है,

### मंजूरी के लिए भेजा है

हमारी ओर से एनीमल अंडरपास और सडक़ बनाने के लिए लगभग 500 करोड़ का एस्टीमेट मंजूरी के लिए भेज दिया है। टेंडर प्रक्रिया भी इसके साथ ही शुरू कर दी है। फिलहाल काम शुरू नहीं किया जाएगा। काम शुरू तभी किया जाएगा जब हाईकोर्ट से आदेश हो जाएंगे। एनबीडब्ल्यूएल की तीन सदस्यीय कमेटी और वन विभाग के अनुसार ही इसमें एनीमल अंडरपास बनाए जाएंगे।

**- मनीष मीणा, प्रोजेक्ट डायरेक्टर, एनएचएआई**

रेलवे जीएम के आने की आपाधापी में गुणवत्ता भी दरकिनार

## ठेकेदार ने रातोंरात बना दी सड़क और ढाल दिया छत



हरिभूमि न्यूज ⏩ आमला

24 दिसंबर को रेलवे के जीएम का आमला में संभावित दौरा होना है, ऐसे में डिवीजन के कई बड़े वरिष्ठ अधिकारियों का यहां डेराडला हुआ है। अमूमन जैसा कि होता रहा है, रेलवे के जीएम के दौरे के दौरान स्टेशन, ऑफिस, मकान आदि को खूब चमकाया जाता है और इस बार भी ऐसा ही सब चल रहा है। आमला में लगभग 2 वर्षों से अमृत भारत योजना के तहत स्टेशन परिसर में करोड़ों की लागत से निर्माण कार्य चल रहे है। जिसके लिए ठेकेदार द्वारा बेहद धीमी गति से कार्य किया जा रहा था, किंतु जीएम के संभावित दौरे को लेकर पिछले दिनों डिवीजन के डीआरएम ने यहां मौका मुआयना कर अपनी नाराजगी भी दिखाई थी। जिसके बाद ठेकेदार ने आनन-फानन में रात दिन कार्य करना शुरू भी कर दिया और काम में तेजी दिखाने के लिए यहां बीती रात एक निर्माणाधीन दफ्तर की छत भी ढाल दी। साथ ही यहां रातों-रात एक सडक़ का भी निर्माण कर दिया गया। अब जीएम के आने की आपाधापी में गुणवत्ता का कितना ध्यान रखा जा रहा होगा, अंदाजा लगाया जा सकता है। पूरे स्टेशन परिसर में यात्रियों की सुविधाओं के लिए रेलवे द्वारा कोई ध्यान नहीं रखा जा रहा है। आमला स्टेशन परिसर में उन स्थलों को भी रंग रोगन किया जा रहा है, जो अभी महज कुछ महीनो में ही तोड़ा जाना है। रेलवे सूत्रों ने बताया है कि आमला रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म क्रमांक 3 एवं 4 पर बना शौचालय यात्रियों की सुविधा के लिए काम में नहीं आ रहा है, किंतु यहां कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

## कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में ई-ऑफिस का प्रशिक्षण आयोजित




**बैतूल।** कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में बुधवार को ई-ऑफिस का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जिले के लगभग 100 कार्यालयों से अधिकारी-कर्मचारी ऑफलाइन रूप से उपस्थित हुए, वहीं अन्य 100 कार्यालयों के कर्मचारी ऑनलाइन माध्यम से जुड़े। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को विस्तार से बताया कि ई-ऑफिस के माध्यम से आवक-जावक का पूरा कार्य कैसे संचालित किया जाएगा। साथ ही यह भी समझाया कि ई-ऑफिस पर साइन होने के बाद डिस्पैच नंबर जनरेट कर, जुड़े हुए अथवा गैर-जुड़े सभी कार्यालयों, हितग्राहियों व आवेदकों को पत्र कैसे भेजा जाएगा। इस दौरान वित्तीय विषयों तथा न्यायालयीन प्रकरणों की फाइलों पर इंक साइन की स्थिति में फाइल संचालन की प्रक्रिया भी बताई। प्रशिक्षण के दौरान सभी की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया।

चिरायु मेडिकल कॉलेज टीम ने शाहपुर में किया नेत्र शिविर

## मोतियाबिंद शिविर में 163 की जांच, 65 मरीज ऑपरेशन के लिए चयनित



**बैतूल।** युवा साहू समाज सेवा संगठन, चिरायु मेडिकल कॉलेज अस्पताल बैरागढ़ भोपाल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर के सहयोग से बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर में मोतियाबिंद जांच, परामर्श और ऑपरेशन शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ डॉ गर्विता साहू, नूतन राठौर नर्सिंग ऑफिसर, चिरायु मेडिकल पीआरओ अभिषेक शुक्ला, डॉ शुभम शर्मा और गोपाल साहू ने माता सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर को संबोधित करते हुए डॉ गर्विता साहू ने कहा कि आंखें हमारी अनमोल धरोहर हैं और किसी भी प्रकार की तकलीफ होने पर स्वयं इलाज न करके तुरंत आंखों के विशेषज्ञ से परामर्श लेना चाहिए। चिरायु मेडिकल अस्पताल के नेत्र चिकित्सक डॉ शुभम शर्मा ने मरीजों को ऑपरेशन के बाद दवाइयां नियमित रूप से डालने, रात में ई-शील्ड लगाने और एक सप्ताह तक कठोर खाद्य पदार्थों से बचने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि धूम्रपान आंखों के लिए अत्यंत नुकसानदायक होता है। गोपाल साहू ने बताया कि शिविर में 163 मरीजों की आंखों की जांच की गई, जिनमें 65 मरीजों में मोतियाबिंद पाया गया। सभी ऑपरेशन चिरायु मेडिकल कॉलेज अस्पताल बैरागढ़ भोपाल में दो दिनों में किए जाएंगे। मरीजों को बस द्वारा भोपाल ले जाया गया और ऑपरेशन के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर लाकर घर भेजा जाएगा।

12 से 14 दिसंबर तक गोपालपुर उड़ीसा में जुटेंगे देशभर से डेलीगेट्स

## साउथ एशियन पीस कांफ्रेंस में शामिल होगी टीम गौरी



**बैतूल।** एक बार फिर मध्यप्रदेश का नेतृत्व करते हुए जिले की सामाजिक कार्यकर्ता एवं पत्रकार गौरी बालापुरे पदम अपनी टीम के साथ साउथ एशिया पीस कांफ्रेंस में शामिल हो रही हैं। गोपालपुर उड़ीसा में 12 से 14 दिसंबर तक आयोजित कॉन्फ्रेंस के लिए बैतूल सांस्कृतिक सेवा समिति का दल 10 दिसंबर को दोपहर में बैतूल से गोपालपुर के लिए रवाना हुआ। साउथ एशिया पीस कांफ्रेंस में विभिन्न विषयों पर देश के अलग अलग प्रांतों से आए डेलीगेट्स चर्चा करेंगे। जिनमें खास तौर पर हमारे जीवन में नैतिक मूल्यों की भूमिका, दक्षिण एशियाई देशों में शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवा, आतंकवाद और उग्रवादः क्षेत्रीय सुरक्षा एवं सहयोग के लिए खतरे, युद्धग्रस्त विश्व और दक्षिण एशिया में लोकतंत्र पर इसका प्रभाव, विश्व परिदृश्य में भारत की स्थिति का आलोचनात्मक विश्लेषण आदि विषयों पर होगा मंथन साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से एक दूसरे की संस्कृति साझा करेंगे। तीन दिवसीय कॉन्फ्रेंस में मध्यप्रदेश की डेलीगेट्स टीम में श्रीमती पदम के नेतृत्व में प्रचीति कमाविसदार, उषा देशमुख, गीतु मवासे, मयंक मौसिक, रीता गुजरे, सियांशी गुजरे, पूर्वांशी गुजरे शामिल हो रहे है।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने दिया हरसंभव मदद का आश्वासन

## रामलला रामकथा आयोजन समिति की बैठक आयोजित

**बैतूल।** आगामी 19 से 25 दिसंबर तक शिवाजी ओपन ऑडिटोरियम में होने वाली रामलला रामकथा की तैयारियां अब युध्द स्तर पर जारी हैं। इस संबंध में आज बुधवार को श्री रामलला रामकथा आयोजन समिति के सदस्यों ने एक बैठक का आयोजन समिति संरक्षक और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के पूर्व निवास पर किया। जिसमें इस आयोजन की रूपरेखा तथा अन्य मसलों पर उपस्थित धर्म प्रेमी बन्धुओ द्वारा विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की शुरुआत में आयोजन समिति के सदस्य सुनील द्विवेदी ने सभी के समक्ष रामकथा आयोजन की विस्तार से रूपरेखा रखी। इसके पश्चात समिति के सदस्य बलराम जसूजा, मनोज भार्गव, योग शिक्षक रोशनलाल मौखड़े, योग प्रशिक्षक सुनील कुबड़े, त्रिपाठी सर आदि ने अपने-अपने विचार रखें। इसके पश्चात नपा बैतूल




अध्यक्ष पार्वती बाई बारस्कर ने आयोजन को लेकर नगर पालिका की ओर से हरसंभव मदद का आश्वासन देते हुए कहा कि वे स्वयं अधिक से अधिक समय रामकथा में रहेंगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि यह हम सब भारतीयों के लिए बड़े गर्व की बात है कि सादियों के संघर्ष के बाद हमारी संस्कृति, श्रद्धा और गौरव का केंद्र अयोध्या का राममंदिर पूर्ण हुआ और गत 25 नवंबर को हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आरआरएस के सरसंघचालक मोहन भगवत जी द्वारा शिखर पर भगवा धर्म ध्वजा लहराई गई और इसी गौरवशाली धर्म ध्वजा को लेकर राम जन्मभूमि न्यास के पूर्व अध्यक्ष डॉ. रामविलास वेदांतीजी बैतूल पधार रहे हैं। अब इस अवसर को ऐतिहासिक और चिरस्थाई बनाने के लिए बैतूल में इस रामकथा का कार्यक्रम होने जा रहा है। यह हम सब बैतूलवासियों के लिए बड़े गर्व की बात है। उन्होंने आयोजन को लेकर हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया।

कलेक्टर ने निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के दिए निर्देश

## लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में 21 से 26 दिसंबर तक लगेगा आदि बाजार

हरिभूमि न्यूज ⏩ बैतूल

केंद्र सरकार के ट्राईफेड द्वारा 21 दिसंबर से 26 दिसंबर तक लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में आदि बाजार का भव्य आयोजन किया जाएगा। आदि बाजार में प्रदेश की प्रचलित महेश्वर और चंदेरी साड़ियों से लेकर बांस कला, सजावटी पौधों की दुकान, वूलन क्लॉथ्स, हैंडलूम, फारेस्ट प्रोडक्ट्स, विभिन्न शिल्प और बैतूल जिले की पहचान बन चुके भरेवा शिल्प के हैंडीक्राफ्ट यहां लोगों को देखने और खरीदने को



मिलेंगे। इसके साथ ही फूड फेस्टिवल का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें मिलेट से बने पारंपरिक और नवीन उत्पादों के 15 स्टॉल लगाए जाएंगे। वहीं ट्रायफेड के 25 स्टॉल, एनआरएलएम के 10 स्टॉल लगाए जाएंगे। आदि बाजार में छोटे-छोटे झूले और फन एक्टिविटीज भी आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर ट्राइबल के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। बुधवार को कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने स्टेडियम पहुंचकर आयोजन स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि आदि बाजार का शुभारंभ केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उईके के मुख्य आतिथ्य में किया जाएगा। इस दौरान कलेक्टर सूर्यवंशी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी तैयारियां तय समय-सीमा में पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने नगर पालिका को आदि बाजार में लाइटिंग, सफाई और आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं एसडीएम को आयोजन के दौरान कानून व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए।

कैप्टन सुमित सिंह सहित पांच लोगों ने ग्रहण की सदस्यता

## सामाजिक सरोकारों के साथ लायंस क्लब बैतूल ने मनाया परिवार मिलन

**बैतूल।** लायंस क्लब बैतूल के परिवार मिलन समारोह में पांच नए सदस्यों ने विधिवत सदस्यता ग्रहण की। इनमें सैनिक कल्याण बोर्ड बैतूल के जिला अध्यक्ष कैप्टन सुमित सिंह, रिटायर्ड डीएफओ अरुण कुमार चौधरी, ताप्ती दर्शन के संपादक विवेक शुक्ला, राघवेंद्र सिंह किलेदार (रिंकू), समाजसेवी राजू इंगले शामिल रहे। इन सभी का स्वागत कर क्लब ने सेवा कार्यों को और सशक्त बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की शुरुआत लायंस क्लब बैतूल के अध्यक्ष बी आर कुबडे ने की, जिन्होंने अपने




संबोधन में कहा कि क्लब लगातार समाजहित में कार्य करता आ रहा है और नए सदस्यों के जुडऩे से इसकी कार्यक्षमता और अधिक मजबूत होगी। इस अवसर पर लायंस क्लब के सचिव अनिल दुबे, कोषाध्यक्ष शिशिर कुमार और उपाध्यक्ष नीरजा श्रीवास्तव भी मंच पर उपस्थित रहे और उन्होंने आने वाले सेवा कार्यक्रमों की रूपरेखा को लेकर विचार साझा किए। परिवार मिलन समारोह में लायंस क्लब के वरिष्ठ सदस्य पीएस बग्गा, जितेंद्र कपूर, अनिल गोठी और राम प्रकाश गुगनानी की उपस्थिति ने आयोजन को और भी विशेष बना दिया। सभी वरिष्ठ साथियों ने नए सदस्यों का अभिनंदन करते हुए क्लब की एकजुटता और सेवा भावना की परंपरा को आगे बढ़ाने की बात कही। पूरे कार्यक्रम में पारिवारिक वातावरण और सेवा के प्रति समर्पण की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी, जिसने इस मिलन समारोह को यादगार बना दिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जितेंद्र कपूर वरिष्ठ समाजसेवी एवं पूर्व भाजपा अध्यक्ष, मनीष ठाकुर लायंस क्लब पूर्व अध्यक्ष आदि रहे मौजूद।

## खबर संक्षेप



### 11 केवी के बिजली तार गिरने ने युवक की मौत

**रहटगांव।** ग्राम नजरपुरा में एक मकान के पास एक युवक क ऊपर से 11 तार के गिरने से घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जिससे क्षेत्र में अफरातफरी माहौल हो गया इसी दौरान युवक ने अस्पताल में जाने से पहले ही दम तोड़ दिया। ग्रामीणों ने बताया की तार अचानक टूट और कुछ समझ पाते इससे पहले ही युवक को अपने चपेट में ले लिया। वहीं पुलिस से पुलिस जानकारी के अनुसार युवक दीपक पिता मोहन राठौर उम्र 30 साल निवासी नजरपूरा गाड़ी धोने का कार्य कर रहा था। इस दौरान अचानक बिजली के तार गिरने से उसकी मृत्यु हो गई। वहीं मर्ग कायम कर जांच में लिया है। वहीं बिजली विभाग के जे ई तरुण वर्मा ने बताया कि यह दुखद घटना है और अचानक फाल्ट आने से यह घटना घटी है इसकी जांच कराई जा रही है।

### रोजगार मेला युवा संगम का आयोजन आज

**हरदा।** निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिये शासकीय आईटीआई हरदा में एक दिवसीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिस मेले युवा संगम का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी लक्ष्मण सिंह सिलोटे ने बताया कि यह मेला आज 11 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे से आयोजित होगा। मेले में विभिन्न कम्पनियों द्वारा तकनीकी एवं गैर तकनीकी क्षेत्र में बेरोजगार युवक युवतियों की भर्ती की जायेगी।

### अवैध मदिरा के विरुद्ध 10 प्रकरण दर्ज

**हरदा।** आबकारी विभाग के दल द्वारा मदिरा के मदिरा के अवैध विनिर्माण, संग्रहण व परिवहन की रोकथाम के लिये कार्यवाही की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने ने बताया कि आबकारी विभाग के दल ने मंगलवार को जिले के टिमरनी, सोडलपुर, मोहनपुरा, खमगांव, छिदगांव तमोली, सोहागपुर, मनियाखेड़ी, हरदा शहर के बंगाली कॉलोनी, टंकी मोहल्ला, खेड़ीपुरा व ग्राम रन्हाईकला में दबिश दी। दबिश के दौरान कुल 23 पाव देशी मदिरा प्लेन, 32 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब एवं 970 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 के तहत कुल 10 प्रकरण दर्ज किये गये। जप्त मुद्देमाल का अनुमानित बाजार मूल्य 1,05,125 रूपये है।

## अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर किया कार्यक्रम

# लोगों को अधिकारों के बारे में जागरुक किया, योजनाओं की जानकारी दी गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा




अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर एल.बी.एस. कॉलेज, जिला जेल, वृद्धाश्रम, विजन इंटरनेशनल स्कूल, सोडलपुर मेला हेल्प डेस्क, खिरकिया हेल्प डेस्क तथा दिव्यांग बालक छात्रावास बागरूल में विभिन्न कानूनी जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पैरालीगल वॉलंटियर्स, महिलाओं तथा बच्चों को पुलिस थाना सिटी कोतवाली में विजिट कराया गया। एलबीएस कॉलेज तथा जिला जेल हरदा में आयोजित शिविर में उपस्थित न्यायाधीश व सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चन्द्रशेखर राठौर ने महाविद्यालय में उपस्थित छात्र छात्राओं तथा शिक्षकगणों को मानवाधिकारों के बारे में बताया। उन्होने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस प्रत्येक वर्ष 10 दिसंबर को मनाया जाता है। इसकी शुरुआत संयुक्त राष्ट्र द्वारा मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा को अपनाने की याद दिलाता है। मानवाधिकार दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य सभी के लिए न्याय, स्वतंत्रता और गरिमा को सुनिश्चित करना तथा हाशिये पर खड़े लोगों के अधिकारों के लिये आवाज उठाना है। उन्होने जेल में उपस्थित बंदियों को उनके अधिकारों के बारे में अवगत कराया तथा नालसा द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होने छात्र छात्राओं तथा बंदियों को बताया गया कि किस प्रकार विधिक सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

### मौलिक अधिकारों तथा कर्तव्यों के बारे में बताया

कार्यक्रम में जिला विधिक सहायता अधिकारी सौरभ कुमार दुबे ने उपस्थितजनों को भारतीय संविधान में वर्णित मौलिक अधिकारों तथा कर्तव्यों के बारे में बताया। साथ ही नालसा की विभिन्न योजनाओं पॉश, नालसा तस्करी और वाणिज्यक यौन शोषण के पीड़ति योजना, एसिड हमलों के पीड़तिों के लिए विधिक सेवाएं जैसी विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं को जागरूक किया कि वे किस प्रकार राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने बच्चों को चाईल्ड हेल्पलाईन नंबर 1098 तथा विधिक सहायता हेल्पलाईन नंबर 15100 के बारे में भी बताया गया।

### महिलाओं तथा छात्रों को पुलिस स्टेशन विजिट कराई

इस दौरान मानवाधिकार दिवस के अवसर पर पैरालीगल वॉलंटियर्स, महिलाओं तथा छात्रों को पुलिस स्टेशन विजिट भी कराई गई, जिससे कि वे शिकायत प्रक्रियाओं, एफआईआर रजिस्ट्रेशन, महिला हेल्पडेस्क की उपलब्धता और कानूनी सहायता पाने के तरीकों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सके। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर अन्य गतिविधियों, आउटरीच कार्यक्रमों, हेल्प डेस्क, पोस्टर मेकिंग, निबंध लेखन, स्लोगन प्रतियोगिताओं जैसी गतिविधियों को आयोजन किया गया। चीफ एलएडीसी जवाहर पारे, डिप्टी एलएडीसी अनीस मोहम्मद खान, असिस्टेंट एलएडीसी अंतिमा चोलकर, पैनल लॉयर्स, महाविद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण, छात्र छात्राएं तथा पैरालीगल वॉलंटियर्स उपस्थित रहे।

## सांसद खेल महोत्सव

# कुश्ती में हरदा के पहलवानों ने दिखाए दमदार दांव पेंच



**हरदा।** जिला खेल और युवा कल्याण विभाग हरदा के सहयोग से आयोजित सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत मंगलवार को स्थानीय अरविंद अखाड़े में कुश्ती प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जिले भर के लगभग 65 पहलवानों ने भाग लेकर अपने दमखम का प्रदर्शन किया। ब्लॉक समन्वयक सलमा खान ने बताया कि प्रतियोगिता में नीमगांव, सामरधा, रेवापुर, कोलवा, बेड़ी, बेड़ागांव, ऐड़ाबेड़ा, जामली, हरदाखुर्द, नहालखेड़ा, रायनाखेड़ी, छिदगांवतमोली, मानपुरा अखाड़ा, गुप्तेश्वर व्यायामशाला और अरविंद अखाड़े के पहलवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष गजेंद्र शाह, उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गेहलोत, नितेश बादर, विजय जाट, क्रीड़ा अधिकारी रामनिवास जाट और ब्लॉक समन्वयक सलमा खान द्वारा अखाड़े की पूजन एवं खिलाड़ियों से परिचय के साथ किया गया। प्रतियोगिता में कुश्ती कोच अरविंद विश्नोई, संदीप जाट, मोनिका मेहता, राहुल विश्नोई, धर्मेंद्र विश्नोई, कन्हैयालाल विश्नोई, शांतिलाल विश्नोई, और नौशाद खान ने निष्पक्ष निर्णायक की भूमिका निभाई और प्रतियोगिता को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया। इस दौरान हरनारायण विश्नोई और अभिषेक विश्नोई भी उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में 60 किलोग्राम में वैदिक विश्नोई, 65 किलोग्राम में वंशिका विश्नोई तथा 56 किलोग्राम में दिव्यांशी जाट विजेता रहीं। इसी प्रकार बालक वर्ग 57 किग्रा में आर्यन जाट विजेता व मुजीब खान उपविजेता, 65 किग्रा में फैजान खान विजेता व तंजीम खान उपविजेता, 74 किग्रा में अजरूद्दी खान विजेता व सोहेल खान उपविजेता, 86 किग्रा में राहुल जाट विजेता व माधव विश्नोई उपविजेता तथा 90 किग्रा में देवेंद्र विश्नोई विजेता व आलोक विश्नोई उप विजेता रहे। सभी विजेता और उपविजेता प्रतिभागियों को समापन अवसर पर केन्द्रीय राज्य मंत्री व क्षेत्रिय सांसद डीडी उइके द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

## योजना की समीक्षा की

# एक बगिया मां के नाम योजना में सीआरपी महिलाएं लाएंगी गति




**हरदा।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हरदा अंजलि जोसेफ ने जिले के स्वयं सहायता समूह की सीआरपी महिलाओं के साथ मंगलवार को बैठक आयोजित कर एक बगिया मां के नाम योजना की समीक्षा की। जिले की तीनों जनपद पंचायतों से 50 सीआरपी महिलाओं ने बैठक में भाग लिया। बैठक में प्रत्येक सीआरपी को योजना के लक्ष्य आवंटित कर कार्यों में गति लाने हेतु कहा गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जोसेफ ने एनआरएलएम के तीनों विकास खण्ड प्रबंधकों को लोकोज एंट्री हेतु अधिक से अधिक सीआरपी महिलाओं को जिम्मेदारी देकर पूर्ण करवाने तथा प्राकृतिक खेती के हितग्राही के चयन एवं प्रशिक्षण करवाने हेतु भी निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रवीण कुमार इवने, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत टिमरनी चेतना पाटिल, प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत हरदा विश्वजीत पाटीदार, जिला परियोजना प्रबंधक ग्रामीण आजीविका मिशन रामनिवास कालेश्वर उपस्थित थे।

## भारतीय किसान संघ ने फिर दिया ज्ञापन, कहा

# अनेक बार ज्ञापन देने पर भी कोई भी कार्रवाई नहीं होती

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहटगांव




भारतीय, किसान संघ तहसील रहटगांव द्वारा बुधवार को रहटगांव तहसीलदार देवशंकर धुर्वे, बिजली विभाग के जे ई तरुण वर्मा को विभिन्न मुद्दों पर ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया गया कि अनेकों बार ज्ञापन देने के बाद भी अभी तक इन पर कोई भी कार्यवाही नही की गई है। जिसमें प्रमुख रूप से खेत एवं गोहों के सीमांकन जिन खेतों में रास्ते नही है। उनके रास्ते निकालना, नकद खाद वितरण केंद्र रहटगांव में अभी तक जगह आवंटन नहीं की गई है। जल्द से जल्द आवंटन की जाए। खाद वितरण केंद्र गोदाम जल्द से जल्द बनाया जाए। जगह आवंटन के लिए कई बार आवेदन दे चुके हैं। मोरन गंजाल सिंचाई परियोजना जल्द से जल्द चालू की जाए। ग्राम पंचायत फुलडी एवं धनगांव में शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर कई आवेदन दिये गये है। उसमें अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। शासकीय जमीन गाँव में स्कूल, कालेज, पंचायत भवन,खेल मैदान , स्वास्थ्य केन्द्र ,गौशाला के लिये है। रहटगांव तहसील में पटवारी हल्का नंबर 20 का मुआवजा अभी तक नहीं आया। भावान्तर में जो सोयाबीन 3500 से नीचे बिक ही उन्हे भांवातर मैं नहीं लिया जा रहा है, जिनका पंजियन है ,उन सभी किसानों को भावानंतर का दिये जाये। मक्का फसल पर भी किसानों को भावांतरण दिया जाये, जो अभी आधे से भी कम भाव पर बिक रहीं है या समर्थन मूल्य पर सरकार द्वारा खरीदी की जाये।

### धान खरीदी 20 क्विंटल की जाए

धान खरीदी रहटगांव तहसील में 20 क्विंटल की जाये। अभी मात्र 8 क्वींटल खरीद रहे हैं।आगामी गेहूं खरीदी 2700 रूपए प्रति क्विंटल से की जाये। आगामी मूंग फसल के लिये 20 मार्च से नहरों में पानी छोड़ा जाये एवं समर्थन मुल्य पर खरिदी कर बड़े प्लेट कांटों से तुलाई की जाये। रहटगाँव का प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र की व्यवस्था में सुधार किया जाये। यहां परमानेंट डाक्टर की व्यवस्था एवं स्वीकृत स्टाफ के अनुसार पुरा स्टाफ किया जाये। स्टाफ नर्स एवं सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था की जाए। रहटगांव अजनाल नदी से किसानों एवं प्रधानमंत्री आवास सहित अन्य हितग्राहियों को सुलभता से बजरी मिले।

### छोटे छोटे प्लाटो के नामांतरण खारिज किए

संबंधित ग्राम पंचायत को उचित रायल्टी लिए जाने की व्यवस्था की जावे। रहटगांव तहसील में छोटे छोटे प्लाटो के नामांतरण खारिज किए जा रहे, जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन सौंपने के दौरान तहसील मंत्री सियाराम गौर, संभागीय सदस्य युवा वाहिनी विष्णु गौर, संभागीय प्रमुख हरिओम गौर, ग्रामीण इकाई अध्यक्ष गुलाबचंद गौर, नगर संयोजक रामबालक गौर, पवन गौर, हरगोविंद गौर,दिनेश गौर,रामनिवास गौर, ओमप्रकाश गौर, महेश ऊईके, प्रीयेस गौर बबलू पटेल,अतुल गौर,बंटी कैमईया, राजेन्द्र गौर भंवरसिंह राजपूत,आनंद पटेल, संतोष गौर, मिडिया प्रभारी नंदलाल पटेल सहित तहसील क्षेत्र के बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## सीएसआर के तहत बच्चों, युवाओं और समाज के हित में उद्योगों की अधिक से अधिक भागीदारी होः कलेक्टर



**सीहोर।** जिले के प्रायमरी एवं मिडिल स्कूलों में आधारभूत संसाधनों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कलेक्टर बालागुरू के की अध्यक्षता में कलेक्टर सभाकक्ष में जिले के उद्योग प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ने कहा कि सीहोर जिले के समग्र विकास के लिए उद्योगों का सहयोग आवश्यक है और प्रशासन ऐसे सभी प्रयासों का स्वागत करता है जो बच्चों, युवाओं और समाज के हित में हों।

बैठक में उद्योगों की सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) के तहत शिक्षा और कौशल विकास संबंधी कार्यों को प्राथमिकता देने पर विस्तृत चर्चा हुई। कलेक्टर बालागुरू के ने उद्योगों को सुझाव दिया कि वे अपने आसपास के सरकारी स्कूलों में बच्चों के बैठने के लिए डेस्क-बेंच की व्यवस्था सुनिश्चित करें, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सके। उन्होंने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने में उद्योगों की सक्रिय भागीदारी महत्वपूर्ण है। कई उद्योगों के प्रतिनिधियों ने कहा वे अपने स्तर पर सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्य कर रहे हैं। जिला प्रशासन की ओर से किन्हीं विशेष क्षेत्रों में कार्य कारने का निर्देश मिलता है, तो वे सहयोग करेंगे।

बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि ऐसे युवा जिन्होंने किसी ट्रेड में डिप्लोमा या अन्य पढ़ाई की है और वर्तमान में रोजगार के लिये प्रयासरत हैं ऐसे युवाओं को उनके पास के उद्योग में प्रशिक्षण देकर रोजगार के अवसर दे सकते हैं।

# लो वोल्टेज बिजली की समस्या बनी लोगों के लिए परेशानी का सबब




**इछावर।** आर्या विद्युत वितरण केन्द्र के तहत आने वाले गांवों के सैकड़ों उपभोक्ता करीब एक माह से लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे हैं। इसके चलते लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कम वोल्टेज की समस्या प्रतिदिन सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक बनी रहती है। हालात यह है कि लो वोल्टेज के कारण इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण शोपीस बने हुए हैं । विद्युत पंप नहीं चलने से ग्रामीणों को जलापूर्ति के लिए भी खासी जद्दोजहद करनी पड़ रही है। ग्रामीणों ने बताया कि वह इस समस्या के संबंध में बिजली कंपनी के अधिकारियों को कई बार अवगत करा चुके हैं, लेकिन किसी ने भी इस समस्या के समाधान के लिए कोई प्रयास नहीं किया है।

आर्या फीडर से दौलतपुर, रूघनाथपुरा, दुदलई, रूपदी, रूपादा, गादिया सहित दर्जन भर गांव में बिजली सप्लाई की जाती है। लेकिन यहां के उपभोक्ताओं को पिछले करीब एक माह से लो वोल्टेज की गंभीर समस्या से जूझना पड़ रहा है। प्रतिदिन सुबह 6 बजे से शाम तक बेहद ही कम वोल्टेज की बिजली सप्लाई हो रही है। हालात यह हैं कि वोल्टेज इतना कम होता है कि बल्ब का महज तार ही चमकता हुआ दिखाई देता है, जबकि अन्य कोई भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण नहीं चल पा रहे है। ऐसे में उपभोक्ताओं को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आलम यह है कि जहां बिजली आधारित व्यवसाय चौपट हो रहे है तो वहीं दूसरी ओर विद्युत पंप नहीं चलने से ग्रामीणों को जलापूर्ति के लिए भी खासी जद्दोजहद करनी पड़ रही है। बताया जा रहा है कि सुबह खेतों की बिजली कटौती होते ही कई लोग बिजली कंपनी के अधिकारी, कर्मचारियों से सांठगांठ कर गांव में बिजली आपूर्ति करने वाली एलटी लाइन से विद्युत पंप का कनेक्शन जोड़ लेते है जिससे उक्त ट्रांसफार्मर पर ओवरलोड हो जाता है। दौलतपुर के रामसिंह , हनुमतसिंह आदि ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कई दिनों से गांव में बहुत ही कम वोल्टेज से बिजली सप्लाई हो रही है। जिससे उपभोक्ताओं को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लो वोल्टेज की समस्या की शिकायत कई बार बिजली कंपनी के कर्मचारी और अधिकारियों को कर चुके हैं, लेकिन वह इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है। गांव नयाखेड़ा के सुरेश जाट, आर्या के वीरेन्द्र ठाकुर का कहना है कि घरेलू विद्युत पंप बंद होने के कारण के कारण उन्हें कुएं का दूषित और मटमेला पानी का उपयोग करने को मजबूर होना पड़ रहा है। दूषित पानी पीने से लोगों में बीमारियां होने का खतरा बना हुआ है।

जेई बिजली विभाग दिवडीया विजय कुमार ऊईके ने बताया कि अभी फिलहाल एक पावर ट्रांसफार्मर है जिससे पंप, घरेलू दोनों जगह बिजली सप्लाई कि जा रही है इसके चलते लोड बढ़ रहा है अभी एक और पॉवर ट्रांसफार्मर रखने के लिए प्रपोजळ बना कर वरिष्ठ अधिकारी को भेज दिया है जल्दी ही इस समस्या का समाधान हो जाएगा।

## आगामी लोक अदालत के संबंध में बैठक आयोजित

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष ने अधिवक्ताओं से मुद्दों पर चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अजय प्रकाश मिश्र के मार्गदर्शन में 13 दिसम्बर शनिवार को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के संबंध में सोमवार को दोपहर 2 बजे जिला अभिभाषक संघ देवास में अधिवक्तागणों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में अजय प्रकाश मिश्र अध्यक्ष विधिक सेवा प्राधिकरण ने उपस्थित अधिववक्तागणों को संबोधित करते हुए कहा कि नेशनल लोक अदालत में न्यायालय के साथ - साथ अधिवक्तागणों का भी विशेष सहयोग एवं भूमिका रहती है कि वह पक्षकारों को नेशनल लोक अदालत में राजीनामा हेतु प्रेरित कर सकते है। साथ ही नेशनल लोक अदालत में अधिकांशतः मामले जैसेः- मोटर दुर्घटना दावा, राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरण, धारा 138 चैंक बाउंस, एवं वैवाहिक मामलों में विशेष रूप से राजीनामा की संभावना अधिक रहती है। बैठक में विशेष न्यायाधीश/प्रभारी नेशनल लोक अदालत, विकास शर्मा, उमाशंकर अग्रवाल प्रथम अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, अभिषेक गौड़ पंचम अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, राजेन्द्र कुमार पाटीदार तृतीय अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, उत्तम कुमार डार्बी अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, प्रसन्न सिंह बहरावत चतुर्थ अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, उपस्थित रहे।

### डीसीए सीहोर ने राजगढ़ को आठ विकेट से हराया

**सीहोर।** विदिशा में सीहोर की डीसीए की टीम ने जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में अपने शुरूआती मैच में राजगढ़ की टीम को आठ विकेट से हराकर शानदार प्रदर्शन किया। पहले मैच में नवनीत सोनी ने कप्तानी पारी खेलते हुए विस्फोटक 48 रन बनाए, वहीं तीन विकेट भी हासिल किए। इसके अलावा दीपेश सेन ने 43 रन, सक्षम ने तीन विकेट और देवेन्द्र ने दो विकेट हासिल किए थे। टीम की इस कामयाबी पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष विधायक सुदेश राय, सचिव अतुल तिवारी, कोषाध्यक्ष वीरु वर्मा, कोच अक्षय दुबाने ने बधाई देते हुए टीम का उत्साहवर्धन किया।

सीहोर डीसीए ने पिच को देखते हुए टास जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी राजगढ़ की पूरी टीम 38.2 ओवर में मात्र 160 रन बनाए थे।